**प्रेस नोट** **पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद** **दिनांक 25.07.2024**

## क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना विजयनगर पुलिस द्वारा अपहरण कर हत्या करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 01/11/2021 को श्रीमती फिरदौस पत्नी इन्तजार निवासी मकान न0 59 मिर्जापुर थाना विजयनगर जो अपने घर से अपनी बेटी को स्कूल छोडने गयी थी घर लौटकर वापस नही आयी जिसके सम्बंध में उसके पति इन्तजार नें थाना विजयनगर पर दिनांक 02/11/2021 को गुमशुदगी दर्ज करायी थी। गुमशुदा फिरदौस का कोई पता नही चला था। उक्त गुमशुदगी के सम्बंध में क्राइम ब्रांच द्वारा गहनता से छानबीन की गयी तो घटना में संदिग्धता मिली। मृतका की बेटी फिजा को तस्सली देकर पूछताछ की गयी तो उसने इस गुमशुदगी के रहस्य से पर्दा उठाते हुए दिनांक 24/07/2024 को थाना विजयनगर पर अपने मां के अपहरण कर हत्या के सम्बंध में अभियोग पंजीकृत कराया जिसमें उसने बताया कि मेरे पिता व हमारा चचेरा भाई शादाब पुत्र लियाकत जो अक्सर हमारे साथ मारपीट करते रहते थे तथा मेरी व मेरी माँ के ऊपर गन्दी नजर रखते थे, ये लोग हमारे ऊपर बहुत अत्याचार करते थे । जिसका मेरी माँ व हम लोग विरोध करते थे इस सम्बन्ध मे मेरी माँ ने मेरे पिता द्वारा खर्चा न देने व मारपीट का कोर्ट मे भी मुकदमा किया हुआ था जिससे मेरे पिता बहुत नाराज रहते थे और मेरी माँ व हम भाई बहनों के साथ अक्सर मारपीट करते हुए मुकदमे वापस लेने को कहते थे। दिनाँक -01/11/2021 को मेरी माँ मेरी छोटी बहन हुमैरा आयत को उसके स्कूल उमा मॉर्डन पब्लिक स्कूल में छोडने हेतु सुबह 7.8 से 30. के बीच मे 00 गयी थी वह स्कूल पैदल छोडने जाती थी उस दिन स्कूल से वापस नही आयी तो हम लोगो ने ढूंढने का काफी प्रयास किया नही मिली मेरे पिता इन्तजार ने थाना विजय नगर पर उनकी गुमशुदगी दिनाँक -02/11/2021 को दर्ज करायी थी। मेरे पिता सबसे कहते थे कि फिरदौस किसी के साथ भाग गयी। मेरी माँ के गायब होने कुछ समय बाद एक दिन मैंने शादाब व अपने पिता को आपस मे बात करते सुना था कि उन्होने गाँव के ही सोनू उर्फ अरशद, नौशाद और सलीम को पैसे 0पी0परवेज, जे , देकर फिरदौस को उठवाकर मरवा दिया और ऐसी जगह लाश ले जाकर फिकवायी है कि कोई ढूंढ नही सकता, प्लॉट बेचकर इन लोगो को पैसा तो दिया पर इन लोगो ने काम अच्छा किया यह सुनकर मैं बहुत डर गयी थी। मैंने यह बात अपनी बहन को भी बतायी थी वह और ज्यादा डर गयी थी उसने मुझसे कहा कि यह बात किसी से नही कहना अगर यह बात हमारे मुँह से निकली तो ये लोग हमे भी मारकर गायब कर देंगे उसके बाद हम लोग डर कर घुट घुट कर रह रहे थे। इसी डर- से हम दोनो बहनों ने अपनी-अपनी मर्जी से शादी करके उस घर सेनिकल गये जिससे कि हमारी भी हत्या न हो जाये। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुएदिनाँक- 25/07/2024 को क्राइमब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना विजयनगर पुलिस द्वारा उपरोक्त अपहरण व हत्या से सम्बन्धित 03 शातिर अभियुक्तों को थाना विजयनगर क्षेत्र से गिरफ्तार करने मे महत्तवपूर्ण सफलता अर्जित की गयी है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ पर अभियुक्त इन्तजार उर्फ इन्तु ने बताया वह पढा-लिखा नही है तथा वैल्डिंग का काम करता है, करीब 24 साल पहले इन्तजार की शादी फिरदौस पुत्री फरमान निवासी पावला खेडी जनपद बागपत के साथ हुई थी, जिससे उसे 05 बच्चे (03 लडकी व 02 लडके) हैं। शादी के बाद से ही इन्तजार व उसके परिवार का फिरदौस के साथ किसी न किसी बात को लेकर आपस में झगडा होता रहता थाधीरे-धीरे इन लोगो मे ज्यादा मन मुटाव हो गया जिससे इनके बीच झगडे बढते चले गये। फिरदौस ने इन्तजार व उसके परिवार के ऊपर मुकदमे लिखवा दिये मुकदमे की कोर्ट मे सुनवाई भी चल रही थी वो खर्चे के लिए ज्यादा पैसे माँगती रहती थी। फिरदौस ने इन्जतार के भाईयों व उसके भतीजे शादाब के विरूद्ध भी मुकदमा डाल दिया था जिसके कारण ये लोग काफी परेशान थे। मुकदमो के कारण इन्तजार ने अपना प्लॉट भी बेच दिया था। इन्तजार ने अपने भतीजेशादाब के साथ मिलकर अपनी पत्नी फिरदौस को मारने की योजना बनायी थी जिसमेंशादाब ने अपने दोस्त सोनू उर्फ सोहेल पुत्र असगर से फिरदौस को मरने की बात की तो उसने हत्या के बदले 5 लाख रूपये माँगे। सोनू उर्फ सोहेल अपने साथियों परवेज पुत्र शाहिद, नौशाद पुत्र मौ0 अली, अरशद उर्फ जे.पी. पुत्र तौसीन व सलीम निवासीगण मिर्जापुर विजयनगर गाजियाबाद को लेकर इन्तजार व नौशाद के पास आया और हत्या के सम्बन्ध मे पूरी बात होने के बाद 4 लाख रूपये फिरदौस को मारने से पहले दे दिये। उसके बाद योजना के अनुसार दिनांक 01/11/2021 को फिरदौस अपनी बेटी को उमा मॉर्डन पब्लिक स्कूल छोडने के लिये घर से निकली तो इन्तजार व शादाब ने सोनू को फोन

करके बता दिया कि फिरदौस घर से निकल गयी है और शादाब फिरदौस के पीछे पीछे देखने गया। योजना के अनुसार शादाब के दोस्त परवेज पुत्र शाहिद, नौशाद पुत्र मौ0 अली, अरशद उर्फ जे.पी. पुत्र तौसीन व सलीम निवासीगण मिर्जापुर विजयनगर गाजियाबाद चारो ने फिरदौस को स्कूल से वापस लौटते समय जे.पी. उर्फ अरशद की वैगनआर गाडी से अपहरण कर फिरदौस को ले गये और उसकोमारकर उसकी लाश को कही फेक दिया। मैंने योजना के अनुसार किसी को हम लोगो पर शक ना हो जाये तो मैंने अगले दिन दिनांक 02/11/2021 को थाना विजयनगर पर अपनी पत्नीफिरदौस की गुमशुदगी लिखवा दी थी।

अभियुक्त परवेज ने बताया कि सोनू ने परवेज, जे0पी0 उर्फ अरशद, नौशाद व सलीम को बताया था कि इन्तजार की पत्नी फिरदौस की हत्या करके गायब करना है इसके पैसे मिलेंगे इस पर इन लोगो ने दिनाँक 01/11/2021 को फिरदौस का उमा मॉर्डन पब्लिक स्कूल से वापस आते समय जे0पी0 उर्फ अरशद की वैगनार से अपहरण कर लिया और रास्ते मे ही गाडी की सीट बैल्ट से गला दबाकर इन चारों ने फिरदौस की हत्या कर दी और उसके शव कोग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे हाइवे से रूस्तमपुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर एक सुखे पडे नाले में ले जाकर डाल दिया था।

अभियुक्तो द्वारा फिरदौस का अपहरण कर हत्या करने का बाद उसका शव जहाँ पर फेंका गया था उस जगह को तस्दीक किया गया तो थाना रबुपुरा जनपद-गौ0बु0नगर क्षेत्र का पाया गया जहाँ पर दिनाँक-14/11/2021 को शव सडी गली अवस्था मे मिला था जिसका अज्ञात मे पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1.इन्तजार उर्फ इन्तु पुत्र शौकत निवासी मकान न0- 59 जीवन ज्योति अस्पताल के सामने वाली गली सैक्टर 12 प्रताप बिहार मिर्जापुर थाना विजयनगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 49 वर्ष

2. परवेज पुत्र शाहिद निवासी मकान न0- 48 मिर्जापुर थाना विजयनगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 27 वर्ष

3. शादाब खान पुत्र लियाकत चौधरी निवासी मकान न0- 69 नूरानी मस्जिद के पास मिर्जापुर थाना विजयनगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 26 वर्ष

**आपराधिक इतिहासः-**

1.अभियुक्त इंतजार उर्फ इन्तु के विरूद्ध गाजियाबाद मे 01 अभियोग पंजीकृत है।

2. अभियुक्त परवेज के विरूद्ध गाजियाबाद मे 01 अभियोग पंजीकृत है।

3. अभियुक्त शादाब खान के विरूद्ध गाजियाबाद मे 01 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. क्राइम ब्रान्च,पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद
2. थाना विजयनगर पुलिस, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद